राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
epaper.tarunmitra.in15 Nov 2024 - Page 9

पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में मनाया गया 'वार्षिक क्रीड़ा दिवस'

ललितपुर, 14 नवम्बर (तरूणमित्र)। पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में वार्षिक खेलकूद दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अक्षय त्रिपाठी जिलाधिकारी अध्यक्ष पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय ललितपुर प्रबंधन समिति एवं विशेष अतिथि के रूप में चन्द्र भूषण प्रताप, उप जिलाधिकारी सदर, ललितपुर एवं नामित अध्यक्ष पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय ललितपुर प्रबंधन समिति उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम विद्यालय के छात्र /छात्राओं के द्वारा तिलक लगाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि अक्षय त्रिपाठी जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। बच्चों के प्यारे चाचा नेहरू की फोटो पर जिलाधिकारी द्वारा माल्यार्पण किया गया एवं विशेष अतिथियों के द्वारा पुष्प अर्पित किए गए। तत्पश्चात पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय ललितपुर की प्राचार्य मिनी वर्मा ने मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि का हरित स्वागत किया। इसके बाद विद्यालय की खेलकूद की कैप्टन कुमारी महिमा यादव (कक्षा 12वीं) के द्वारा सभी छात्र/छात्राओं को खेल दिवस की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में छात्र/छात्राओं को अपने खुद के विशेष व्यक्तित्व निर्माण की सीख दी गई। साथ ही साथ प्रतिदिन 20 से 30 पेज पुस्तक पढ़ने की आदत डालने की बात कही गई और ललितपुर जिले की प्राकृतिक सुंदरता एवं धरोहरों के बारे में जानने समझने का प्रयास करने की बात कही ताकि आप लोग भविष्य में अपने गृह जनपद के ब्रांड एम्बेसडर बन सकें। आज के वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम 2024 में रिले रेस,100, 200, 400 मीटर की व्यक्तिगत दौड़ें, मोजा दौड़, जलेबी रेस, लेमन एवं स्पून रेस, जूट बैग रेस एवं मैथमेटिकल रेस आयोजित की गई जिनमें विद्यालय की सभी कक्षाओं के लिए कोई ना कोई रेस अथवा गेम आयोजित किया गया। विजेता छात्र/ छात्राओं को जिलाधिकारी के द्वारा मेडल एवं प्रमाणपत्र वितरित किए गए।